पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली: अग्रहायण 07, 1944
सोमवारः 28 नवंबर 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 29 नवंबर 2022 को नई दिल्ली में पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित होने वाले सशस्त्र सेना ध्वज दिवस सीएसआर कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि होंगे

रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा 29 नवंबर 2022 को नई दिल्ली में सशस्त्र सेना ध्वज दिवस कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) कॉन्क्लेव के चौथे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके आश्रितों के पुनर्वास, पुनर्स्थापन और कल्याण के लिए पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा किए गए उपायों पर प्रकाश डालना और इन प्रयासों के लिए सीएसआर समर्थन जुटाना है।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री द्वारा सशस्त्र सेना ध्वज दिवस कोष (एएफएफडीएफ) के लिए एक नई वेबसाइट शुरू की जाएगी। नई वेबसाइट एएफएफडीएफ में ऑनलाइन योगदान को बढ़ावा देने के लिए विकसित एक इंटरऐक्टिव और उपयोगकर्ता के अनुकूल पोर्टल है। श्री राजनाथ सिंह सशस्त्र सेना ध्वज दिवस के लिए इस वर्ष के प्रचार अभियान के लिए समूहगान भी जारी करेंगे और कोष में प्रमुख सीएसआर योगदानकर्ताओं को सम्मानित करेंगे। सशस्त्र सेना ध्वज दिवस कोष में कॉर्पोरेट योगदान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत सीएसआर दायित्व को पूरा करने के लिए पात्र हैं।

रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव श्री गिरिधर अरमने और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। सीएसआर बिरादरी के सदस्य, पूर्व सैनिक और रक्षा सेवाओं के सदस्य कॉन्क्लेव में भाग लेंगे।

एसआर/डीएस